भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 117

दिनांक 02.02.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

रूस के साथ समझौते

117. डॉ. थोल तिरुमावलवनः

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने गत तीन वर्षों के दौरान रूस के साथ कोई समझौता, करार–समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं;

(ख) यदि हां, तो रूस के साथ हस्ताक्षर किए गए रक्षा समझौते और सामान्य व्यापार समझौतों का ब्यौरा क्या है,

(ग) क्या सरकार दोनों देशों की निजी कंपनियों के बीच हस्ताक्षर किए गए ऐसे किसी समझौते के बारे में अवगत है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
(श्री वी. मुरलीधरन)

(क) और (ख) पिछले तीन वर्षों में रक्षा और सामान्य व्यापार से संबंधित भारत और रूस की सरकारों के बीच हस्ताक्षरित करारों का विवरण नीचे दिये गये हैं :

i. 2021 से 2031 तक सैन्य–तकनीकी सहयोग के कार्यक्रम पर भारत गणराज्य की सरकार तथा रूसी संघ की सरकार के बीच किए गए करारों पर दिनांक 06 दिसंबर, 2021 को हस्ताक्षर किये गये ।

i. भारत गणराज्य की सरकार के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय तथा रूसी संघ के बौद्धिक संपदा के संघीय सेवा के बीच बौद्धिक संपदा के क्षेत्र में सहयोग ज्ञापन पर दिनांक 03 दिसंबर, 2021 को हस्ताक्षर किये गये ।

iii. स्टील बनाने के लिए उपयोग किए जाने वाले कोकिंग कोयले के संबंध में सहयोग पर भारत गणराज्य के इस्पात मंत्रालय तथा रूसी संघ के ऊर्जा मंत्रालय के बीच हुए समझौता ज्ञापन पर दिनांक 14 अक्टूबर, 2021 को हस्ताक्षर किये गये ।

(ग) और (घ) भारत तथा रूस की निजी कंपनियों के बीच हस्ताक्षरित करारों के बारे में जानकारी उपलब्ध नहीं है।

*****